रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** एक विद्यार्थी सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाता है। कौन-सा प्रेक्षण उदासीनीकरण की पुष्टि करता है?

Ans A). लाल रंग में बदलना B). अवक्षेप रूप C). बुदबुदाहट होना D). तापमान में गिरावट

Correct Answer: C

**Q.2** 15 Hz की आवृत्ति वाली ध्वनि तरंग को किस रूप में वर्गीकृत किया जाएगा?

Ans A). अतिध्वनिक ध्वनि (Hypersonic sound) B). अवश्रव्य ध्वनि (Infrasonic sound) C). श्रव्य ध्वनि (Audible sound) D). पराश्रव्य ध्वनि (Ultrasonic sound)

Correct Answer: B

**Q.3** निम्नलिखित से किस तत्व के नाभिक के भीतर न्यूट्रॉन नहीं होते हैं?

Ans A). निऑन B). हाइड्रोजन C). आर्गन D). हीलियम

Correct Answer: B

**Q.4** एक वैज्ञानिक एकल-कोशिकीय यूकेरियोटिक जीव की खोज करता है। पाँच जगतों की प्रणाली में कौन-सी प्रमुख विशेषता इसे मोनेरा से अलग करती है?

Ans A). बहुकोशिकीय संगठन B). पोषण की स्वपोषीय विधा C). झिल्ली-परिबद्ध केंद्रक की उपस्थिति D). काइटिन से बनी कोशिका भित्ति

Correct Answer: C

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा किए गए कार्य का सही मात्रक नहीं है?

Ans A). पास्कल B). जूल C). न्यूटन-मीटर D). वाट-सेकंड

Correct Answer: A

**Q.6** गतिमान वस्तु के लिए वेग-समय ग्राफ की ढाल निम्नलिखित में से किस राशि को निरूपित करती है?

Ans A). चाल B). त्वरण C). बल D). विस्थापन

Correct Answer: B

**Q.7** क्षेत्र अध्ययन के दौरान, एक विद्यार्थी को एक ऐसा जीव मिलता है जो बहुकोशिकीय है, जिसमें कोशिका भित्ति का अभाव है और भोजन के लिए दूसरों पर निर्भर होता है। पांच जगत वर्गीकरण के अनुसार, इस जीव को किस जगत से संबंधित होना चाहिए?

Ans A). मोनेरा B). कवक C). प्लांटी D). ऐनिमेलिया

Correct Answer: D

**Q.8** मानव शरीर में मुख्य रूप से प्रतिवर्त चाप (reflex arcs) कहाँ बनते हैं?

Ans A). फेफड़े B). हृदय C). मेरुरज्जु D). मस्तिष्क

Correct Answer: C

**Q.9** मानव रक्त में ऑक्सीजन का परिवहन मुख्यतः __________ नामक वर्णक के साथ बंधन से होता है।

Ans A). प्लाज्मा B). मायोग्लोबिन C). हीमोग्लोबिन D). क्लोरोफिल

Correct Answer: C

**Q.10** **एक छात्र दर्पण का उपयोग करते समय एक ऐसे प्रतिबिंब को देखता है, जो उल्टा और वस्तु (object) से छोटा होता है। किस प्रकार का आवर्धन प्रेक्षित किया जा रहा है?**

Ans A). आवर्धक एक से अधिक और ऋणात्मक है B). अवर्धन एक से अधिक और धनात्मक है C). आवर्धन एक से कम और ऋणात्मक है D). आवर्धन एक के बराबर और धनात्मक है

**Correct Answer: C**

**Q.11** **किसी पदार्थ का सूत्र एकांक द्रव्यमान (formula unit mass) क्या दर्शाता है?**

Ans A). किसी सूत्र एकांक में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योगफल B). आण्विक और परमाणु द्रव्यमान के बीच का अंतर C). धातु और अधातु परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का अनुपात D). किसी अणु में सभी परमाणुओं के परमाणु क्रमांकों का गुणनफल

**Correct Answer: A**

**Q.12** **रसायन विज्ञान की कौन-सी शाखा, सजीव कोशिकाओं के भीतर होने वाली अभिक्रियाओं से सबसे अधिक संबंधित है?**

Ans A). अकार्बनिक रसायन विज्ञान B). भौतिक रसायन विज्ञान C). जैव रसायन विज्ञान D). वैश्लेषिक रसायन विज्ञान

**Correct Answer: C**

**Q.13** **गुरुत्व की अनुक्रिया में पादपों की मूलों की अधोमुखी वृद्धि को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?**

Ans A). गुरुत्वानुवर्तन B). रसानुवर्तन C). प्रकाशानुवर्तन D). जलानुवर्तन

**Correct Answer: A**

**Q.14** **कोशिका संवर्धन का अभिप्राय __________ कोशिकाओं के वर्धन की प्रक्रिया से है।**

Ans A). केवल मृदा में B). काय के अंदर C). काय के बाहर D). बिना पोषक तत्वों के

**Correct Answer: C**

**Q.15** **सूर्योदय या सूर्यास्त के समय, पृथ्वी से देखने पर सूर्य की डिस्क सपाट (flattened) क्यों दिखाई देती है?**

Ans A). वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण सूर्य की डिस्क पर प्रकाश का असमान रूप से मुड़ना B). वायुमंडल में सूर्य के प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण C). वायु द्वारा सूर्य के प्रकाश के अवशोषण के कारण D). पृथ्वी द्वारा गुरुत्वीय लेंसिंग के कारण

**Correct Answer: A**

**Q.16** **द्वि-परिसंचरण में, निम्नलिखित में से कौन-सी वाहिका ऑक्सीजनित रक्त को हृदय तक पहुंचाती है?**

Ans A). महाशिरा B). महाधमनी C). फुफ्फुसी धमनी D). फुफ्फुसी शिरा

**Correct Answer: D**

**Q.17** **एक विद्यार्थी अवलोकन करता है कि दिक्सूची (compass needle) के धारावाही सीधे चालक से दूर जाने पर उसका विक्षेपण कम हो जाता है। इस अवलोकन का सबसे संभावित कारण क्या है?**

Ans A). चालक में विद्युत धारा दूरी के साथ घटती जाती है B). पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र दूरी के साथ प्रबल होता जाता है C). तार की आकृति केवल निकट दूरियों पर ही क्षेत्र सामर्थ्य को प्रभावित करती है D). चालक से दूरी बढ़ने पर चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य कम हो जाता है

**Correct Answer: D**

**Q.18** **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?**

Ans A). सामान्य कोशिका — निश्चित जीवनकाल B). दुर्दम — ऊतक आक्रमण C). भ्रूण — रूपण (shaping) के लिए प्रोगामीकृत कोशिका मृत्यु का उपयोग करता है D). कैंसर कोशिका — नियंत्रित विभाजन

**Correct Answer: D**

**Q.19** **एनोडीकरण एक विद्युत्-अपघटनी प्रक्रम के माध्यम से निम्नलिखित में से किस धातु की मोटी ऑक्साइड परत बनाने की प्रक्रिया है?**

Ans A). एल्यूमीनियम B). जस्ता C). तांबा D). लोहा

**Correct Answer: A**

**Q.20** **एक औद्योगिक प्रक्रिया में, जब एक हाइड्रोकार्बन का हैलोजनीकरण किया जाता है, तो उत्पादों का मिश्रण प्राप्त होता है। एकल-प्रतिस्थापी उत्पाद को अलग करने के लिए किस विधि का उपयोग किया जा सकता है?**

Ans A). निस्यंदन B). अवक्षेपण C). आसवन D). दहन

**Correct Answer: C**

**Q.21** **परिनालिका का एक सिरा उत्तरी ध्रुव के रूप में और दूसरा सिरा दक्षिणी ध्रुव के रूप में क्यों व्यवहार करता है?**

Ans A). परिनालिका में कोई धारा नहीं होती है B). परिनालिका प्राकृतिक रूप से चुंबकीय होती है C). क्योंकि धारा एक छड़ चुंबक के समान चुंबकीय प्रभाव उत्पन्न करती है D). विद्युतरोधन ध्रुवों को उत्पन्न करता है

**Correct Answer: C**

**Q.22** एक आदर्श आनत तल 20 m लंबा है और एक लोड को 4 m की ऊर्ध्वाधर ऊँचाई के माध्यम से उठाता है। लोड को सीधे ऊपर उठाने की तुलना में, लोड को तल पर ऊपर ले जाने के लिए आवश्यक आयास ________ होता है।

Ans A). लोड का आधा B). लोड के बराबर C). लोड का एक-चौथाई D). लोड का $\frac{1}{5}$ वां भाग

Correct Answer: D

**Q.23** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एकसमान वृत्तीय गति में वेग की दिशा का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). यह सदैव केंद्र से दूर, त्रिज्या के अनुदिश होता है B). यह सदैव वृत्त के तल के लंबवत होता है C). यह सदैव केंद्र की ओर निर्देशित होता है D). यह सदैव वृत्त के किसी भी बिंदु पर स्पर्शरेखा होता है

Correct Answer: D

**Q.24** जब कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) सोडियम हाइड्रॉक्साइड (NaOH) के साथ अभिक्रिया करती है, तो कौन-सा लवण बनता है?

Ans A). सोडियम सल्फेट B). सोडियम नाइट्रेट C). सोडियम कार्बोनेट D). सोडियम क्लोराइड

Correct Answer: C

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, निलंबन (suspensions) के संदर्भ में सत्य है?

Ans A). विलेय पूर्णतया घुल जाता है। B). विलेय के कण स्थिर रहने पर नीचे बैठ जाते हैं। C). ये प्रकाश का प्रकीर्णन नहीं करते हैं। D). ये पारदर्शी होते हैं।

Correct Answer: B

**Q.26** संख्या 506A2404 को 3 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

Ans A). 4 B). 6 C). 0 D). 3

Correct Answer: C

**Q.27** यदि $\operatorname{cosec}^2\theta + \cot^2\theta = \frac{7}{2}, 0^\circ < \theta < 90^\circ$ है, तो $\sqrt{5}\cos\theta + \sin\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{7}{3}$ B). $\frac{5}{3}$ C). $\frac{3}{5}$ D). $\frac{3}{7}$

Correct Answer: A

**Q.28** 0 और 32 के बीच की सभी अभाज्य संख्याओं का योगफल कितना है?

Ans A). 132 B). 160 C). 131 D). 161

Correct Answer: B

**Q.29** एक पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का अनुपात 9:4 है। 10 वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात 11:6 होगा। पिता की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans A). 45 वर्ष B). 36 वर्ष C). 54 वर्ष D). 27 वर्ष


Correct Answer: A


**Q.30** चतुर्भुज PQRS में, $\angle P = 105^\circ$, $\angle Q = 65^\circ$ और $\angle R = \angle S$ है। $2\angle P + \angle S - \angle Q$ का माप ज्ञात कीजिए।

Ans A). $240^\circ$ B). $259^\circ$ C). $183^\circ$ D). $205^\circ$

Correct Answer: A

**Q.31** एक कंपनी पाँच उत्पाद P1, P2, P3, P4 और P5 बेचती है। दो पाई चार्ट 2023 और 2024 में कुल बिक्री राजस्व में प्रतिशत योगदान दर्शाते हैं। पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




दो वर्षों के कुल संयुक्त राजस्व का कितना प्रतिशत P2 से अर्जित किया गया था (दशमलव के बाद दो स्थानों तक पूर्णांकित)?

**Ans** A). 26.08% B). 24.11% C). 23.36% D). 25.52%

**Correct Answer: C**

**Q.32** एक नाव धारा की विपरीत दिशा में 45 km की दूरी 9 घंटे में और धारा की दिशा में 72 km की दूरी 6 घंटे में तय करती है। धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2 km/hr B). 3.5 km/hr C). 1.5 km/hr D). 2.5 km/hr

**Correct Answer: B**

**Q.33** रजत अपने दोस्त को 10% हानि पर एक संपत्ति बेचता है। यदि दोस्त इसे 10,80,000 में बेचता है और 20% लाभ अर्जित करता है, तो रजत ने संपत्ति कितने में खरीदी थी?

**Ans** A). 9,00,000 B). 9,20,000 C). 9,80,000 D). 10,00,000

**Correct Answer: D**

**Q.34** वीर लकड़ी की एक टेबल 2 दिनों में बना सकता है और मनोज उसी टेबल को 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे एकसाथ कार्य करते हैं, तो वे कितने दिनों में 111 टेबल बना लेंगे?

**Ans** A). 150 B). 144 C). 148 D). 152

**Correct Answer: C**

**Q.35** एक क्रिकेटर का चार मैचों में औसत स्कोर 45 है और अन्य छह मैचों में औसत स्कोर 65 है। सभी दस मैचों में औसत स्कोर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 58 B). 56 C). 57 D). 55

**Correct Answer: C**

**Q.36** एक आयत की लंबाई में 40% की वृद्धि की जाती है। क्षेत्रफल को स्थिर रखने के लिए चौड़ाई में कितने प्रतिशत की कमी करनी होगी? (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 31.57% B). 27.57% C). 28.57% D). 30.57%

**Correct Answer: C**

**Q.37** चक्रवृद्धि ब्याज पर, कोई धनराशि किस वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्ष में स्वयं की 4 गुना हो जाएगी, जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है?

**Ans** A). 200 B). 100 C). 50 D). 75

**Correct Answer: B**

**Q.38** कौशल ने 52 km/h की चाल से 23 घंटे 30 मिनट तक यात्रा की। उसी दूरी को 13 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

**Ans** A). 95 B). 93 C). 92 D). 94

**Correct Answer: D**

**Q.39** आयशा और उसकी माँ की आयु का अनुपात 2 : 5 है, और आयशा की माँ और उसके भाई की आयु का अनुपात 7 : 1 है। यदि आयशा का भाई आयशा से 9 वर्ष छोटा है, तो पाँच वर्ष पहले आयशा की माँ की आयु कितनी थी?

**Ans** A). 40 वर्ष B). 25 वर्ष C). 35 वर्ष D). 30 वर्ष

**Correct Answer: D**

**Q.40** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 46 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 24 | 16 | 25 | 49 | x |

**Ans** A). 147 B). 137 C). 156 D). 181

**Correct Answer: C**

**Q.41** एक आयताकार मैदान की भुजाएं 35 m और 110 m लम्बी हैं। इसका क्षेत्रफल एक वृत्ताकार मैदान के क्षेत्रफल के बराबर है। वृत्ताकार मैदान की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 222 B). 227 C). 189 D). 220

**Correct Answer: D**

**Q.42** यदि आंकड़ों का माध्य 30 है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प दिए गए आंकड़ों के लिए x और y के बीच संबंध दर्शाता है?

| वर्ग अंतराल | बारंबारता |
|---|---|
| 0-10 | 2 |
| 10-20 | 4 |
| 20-30 | x |
| 30-40 | y |
| 40-50 | 3 |

**Ans** A). y = x + 10 B). y = x + 13 C). x = y + 10 D). x = y + 13

**Correct Answer: B**

**Q.43** ₹1,500 की धनराशि पर 3% मासिक ब्याज दर से 7 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 315 B). 26.25 C). 52.5 D). 46.25

**Correct Answer: A**

**Q.44** $\frac{(\sin A + \cos A)^2 - (\sin A - \cos A)^2}{(1 + \sin A)(1 - \cos A) - (\sin A - \cos A) - 1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). −3 B). 4 C). −4 D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.45** एक कार की प्रारंभिक कीमत ₹5,00,000 थी। 12% मूल्य वृद्धि के बाद, अब इसे ₹5,60,000 में बेचा जा रहा है। यदि कीमत में 5% की और कमी जाए, तो कार की अंतिम कीमत कितनी होगी?

**Ans** A). ₹5,32,000 B). ₹5,25,000 C). ₹5,30,000 D). ₹5,35,000

**Correct Answer: A**

**Q.46** A और B ने क्रमशः ₹20,000 और ₹15,000 का निवेश करके साझेदारी में एक व्यवसाय प्रारंभ किया। छह महीने बाद, C, ₹20,000 का निवेश करके उनके साथ व्यवसाय में शामिल हो गया। व्यवसाय प्रारंभ होने के 2 वर्ष बाद अर्जित कुल लाभ ₹20,000 में B का हिस्सा कितना होगा?

**Ans** A). ₹6,800 B). ₹6,000 C). ₹7,200 D). ₹5,400

**Correct Answer: B**

**Q.47** 48 और 68 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 816 B). 684 C). 864 D). 786

**Correct Answer: A**

**Q.48** दो संख्याओं का योगफल 1040 है। यदि बड़ी संख्या में 4% की कमी कर दी जाए और छोटी संख्या में 12% की वृद्धि कर दी जाए, तो प्राप्त संख्याएं बराबर होंगी। वह दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 600, 440 B). 500, 640 C). 560, 480 D). 520, 520

**Correct Answer: C**

**Q.49** चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 46% और 13% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 55% और 69% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 47% और 68% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 91%, 98% और 18% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

**Ans** A). I B). IV C). II D). III

**Correct Answer: B**

**Q.50** ₹12,500 पर 10% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज और ₹47,500 पर 13% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों में अर्जित साधारण ब्याज के योगफल का 24% कितना है?

**Ans** A). ₹3,596 B). ₹2,594 C). ₹3,594 D). ₹2,596

**Correct Answer: C**

Q.51 निम्नांकित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) € # 6 2 @ # 1 6 @ 1 € $ 3 9 $ 2 4 4 * £ 6 6 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans A). 1 B). 3 C). 2 D). 4

Correct Answer: C

Q.52 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
6 11 16 21 26 ?

Ans A). 31 B). 28 C). 27 D). 30

Correct Answer: A

Q.53 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 13 का संबंध 143 से है। उसी तर्क के अनुसार 5 का संबंध 15 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 7 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटकीय अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 42 B). 56 C). 35 D). 36

Correct Answer: C

Q.54 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
YZC−FGJ
UVY−BCF

Ans A). RSV−XZB B). RRT−YZC C). RSV−YZC D). RRT−XYB

Correct Answer: C

Q.55 J, U की माता है। U, N की बहन है। D, R का पिता है। R, N का पुत्र है। J का D से क्या संबंध है?

Ans A). माता B). पत्नी की बहन C). पत्नी D). पत्नी की माता

Correct Answer: D

Q.56 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). RA - ZJ B). KQ - SW C). YE - GK D). CI - KO

Correct Answer: A

Q.57 यदि संख्या 7168543 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans A). एक भी नहीं B). दो C). एक D). तीन

Correct Answer: D

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DHC FJE HLG JNI ?

Ans A). LOK B). LPK C). LPJ D). LOJ

Correct Answer: B

Q.59 एक निश्चित प्रकार से IN 28 का संबंध JQ 17 से है। उसी प्रकार, TT 20 का संबंध UW 9 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PU 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A). RX 7 B). RW 7 C). QW 5 D). QX 5

Correct Answer: D

Q.60 संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट- दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है जैसे कि यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। )

22 - 32 - 64 - 128;
24 - 34 - 68 - 136

Ans A). 19 - 38 - 48 - 96 B). 21 - 42 - 52 - 104 C). 9 - 19 - 38 -76 D). 18 - 28 - 56 - 66

Correct Answer: C

**Q.61** सात डिब्बों I, J, K, Q, R, S और T को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T को S के ठीक ऊपर रखा गया है। J को K के ठीक ऊपर रखा गया है। I के ऊपर केवल Q को रखा गया है। Q और T के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। J को सबसे नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। R और Q के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans A). दो B). चार C). एक D). तीन

Correct Answer: D

**Q.62** निम्नांकित संख्याओं और प्रतीकों की श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएं केवल एक अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 4 8 @ 3 € 8 & 6 * 6 © 6 $ £ & 5 7 $ $ # 8 $ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans A). 7 B). 6 C). 8 D). 5

Correct Answer: B

**Q.63** रोहित अपनी कक्षा में ऊपर से 90वें और नीचे से 56वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 135 B). 145 C). 146 D). 136

Correct Answer: B

**Q.64** एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
L, M, N, O, और P में से प्रत्येक की आयु अलग-अलग है, इनमें से दूसरा सबसे छोटा कौन है?

कथन:
I. O, M और L से बड़ा है, लेकिन P से छोटा है।
II. N, O से बड़ा है। L सबसे छोटा नहीं है।

Ans A). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

B). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

C). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

D). कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Correct Answer: D

**Q.65** यदि शब्द CHAMBER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). दो B). तीन C). एक का भी नहीं D). एक

Correct Answer: D

**Q.66** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: कुछ कीचड़, स्टेडियम हैं। कोई स्टेडियम, मैदान नहीं है।
निष्कर्ष:
(I) कुछ कीचड़, मैदान हैं।
(II) कुछ स्टेडियम, कीचड़ हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: D

**Q.67** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

SUN EGO APT CUB

यदि प्रत्येक शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के कितने समूह में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). एक B). दो C). तीन D). एक भी नहीं

Correct Answer: B

**Q.68** एक निश्चित कूट भाषा में,
A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' ,
A ≤ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ₹ A ÷ G ≤ E ≠ R' है, तो P का R से क्या संबंध है?

**Ans** A). पत्नी का भाई B). पत्नी के पिता का भाई C). पत्नी का पिता D). पत्नी की बहन **Correct Answer: C**

**Q.69** वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans** A). DFI B). SUW C). HJL D). PRT **Correct Answer: A**

**Q.70** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
9 - 34 + 38 × 18 ÷ 27 = ?

**Ans** A). -12 B). -16 C). -14 D). -13 **Correct Answer: C**

**Q.71** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

YES SIP TAR PUN

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के कितने समूह में कोई स्वर नहीं होगा?

**Ans** A). 1 B). 3 C). 4 D). 2 **Correct Answer: D**

**Q.72** यदि शब्द CASTLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). एक B). तीन C). एक भी नहीं D). दो **Correct Answer: C**

**Q.73** P, Q, R, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
U तल क्रमांक 5 पर रहता है। R, U के ऊपर किसी तल पर रहता है। T के नीचे केवल S रहता है। Q सम क्रमांक वाले तल क्रमांक पर रहता है।
P के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans** A). तीन B). एक C). दो D). चार **Correct Answer: C**

**Q.74** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।
FUEL – LFEU – ELFU
MINT – TMNI – NTMI

**Ans** A). DUSK – KDUS – SKDU B). EARL – LERA – RLEA C). NOTE – ENTO – OTEN D). PACE – EPCA – CPAE **Correct Answer: B**

**Q.75** छह मित्र E, F, G, H, L और M उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। M के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। M और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H, G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। L और H के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). चार B). तीन C). एक D). दो **Correct Answer: B**

**Q.76** सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
Q, R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। I और J के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। P, J के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। K के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। K और P के बीच केवल दो लोग बैठे हैं।
Z और Q के बीच कितने लोग बैठे हैं?

**Ans** A). दो B). चार C). तीन D). एक **Correct Answer: A**

**Q.77** एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

**Q.** अभि, बानी, चारी, दीपू और एपी एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। दीपू के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
**(I)** अभि, चारी के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। दीपू, बानी के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
**(II)** एपी, दीपू के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। बानी, एपी के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है।

Ans A). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
B). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
C). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
D). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Correct Answer: A

**Q.78** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 4 G @ H J * P R % 7 E & L T 5 $ 6 ! 3 M # (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans A). तीन B). दो C). एक भी नहीं D). एक

Correct Answer: D

**Q.79** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथनः सभी गेंदें, कैमरे हैं। सभी पंख, कैमरे हैं।
निष्कर्षः
(I) कुछ गेंदें, पंख हैं।
(II) कुछ कैमरे, पंख हैं।

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Correct Answer: B

**Q.80** यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '−' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 ÷ 4 + 6 − 2 × 3 = ?

Ans A). 6 B). 9 C). 12 D). 15

Correct Answer: D

**Q.81** सितंबर 2025 में अग्नि-प्राइम मिसाइल के सफल प्रक्षेपण के लिए DRDO के साथ किस संगठन ने संयुक्त रूप से कार्य किया?

Ans A). भारतीय सेना तोपखाना कोर B). सामरिक बल कमान (SFC) C). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) D). रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC)

Correct Answer: B

**Q.82** मार्च 2025 में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) की 7वीं बैठक किस राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री ने की थी?

Ans A). काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान B). जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान C). बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान D). गिर राष्ट्रीय उद्यान

Correct Answer: D

**Q.83** मई 2026 में प्रकाशित और 'ओपराज़ बुक क्लब पिक (Oprah's Book Club Pick)' के रूप में चयनित उपन्यास "जॉन ऑफ जॉन (John of John)" के लेखक निम्नलिखित में से कौन-से बुकर पुरस्कार विजेता साहित्यकार हैं?

Ans A). सलमान रुश्दी (Salman Rushdie) B). डगलस स्टुअर्ट (Douglas Stuart) C). काज़ुओ इशिगुरो (Kazuo Ishiguro)
D). एंड्रयू ओ'हेगन (Andrew O'Hagan)

Correct Answer: B

**Q.84** निम्नलिखित में से कौन-सी टीम, विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में विजयी रही?

Ans A). मुंबई B). कर्नाटक C). सौराष्ट्र D). विदर्भ

Correct Answer: D

**Q.85** **2025 में भारत द्वारा पेट्रोल में 20% इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य हासिल करना, जैसा कि केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा स्पष्ट किया गया है, मुख्य रूप से किस राष्ट्रीय उद्देश्य का समर्थन करता है?**

Ans A). कच्चे तेल के आयात में वृद्धि B). स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा C). कृषि उत्पादन में कमी D). कोयला आधारित विद्युत उत्पादन का प्रसार

Correct Answer: B

**Q.86** **जनवरी 2026 में, 60वीं नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप की मेजबानी किस भारतीय राज्य ने की थी?**

Ans A). ओडिशा B). बिहार C). झारखंड D). पंजाब

Correct Answer: C

**Q.87** **अप्रैल 2026 में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने निम्नलिखित में से किस अभियान के अंतर्गत मॉनिटरिंग को मजबूत करने के लिए NMBA 2.0 ऐप लॉन्च किया?**

Ans A). नशा मुक्त भारत अभियान B). पोषण अभियान C). बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ D). फिट इंडिया मूवमेंट

Correct Answer: A

**Q.88** **निम्नलिखित में से कौन-सा शुभंकर (mascot), FIFA 2026 वर्ल्ड कप के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व करता है?**

Ans A). मेपल द मूस (Maple the Moose) B). ज़ायू द जगुआर (Zayu the Jaguar) C). क्लच द बाल्ड ईगल (Clutch the Bald Eagle) D). मिशा द फ्रेंडली बेयर (Misha the Friendly Bear)

Correct Answer: C

**Q.89** **2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में करावल नगर निर्वाचन क्षेत्र में AAP के मनोज त्यागी को हराने वाले BJP नेता कौन थे?**

Ans A). पंकज कुमार सिंह B). आशीष सूद C). कपिल मिश्रा D). रविंदर इंद्राज सिंह

Correct Answer: C

**Q.90** **अप्रैल 2026 में, नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष (Vice-Chairman) के रूप में किसे नियुक्त किया गया?**

Ans A). शशि शेखर वेम्पति B). संजय कुमार C). अशोक कुमार लाहिड़ी D). वीर विक्रम यादव

Correct Answer: C

**Q.91** **वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 में पुरुषों की 400 m दौड़ T46/T47 (Men's 400 m Run T46/T47) स्पर्धा में किस एथलीट ने स्वर्ण पदक जीता?**

Ans A). निषाद कुमार B). मरियप्पन थंगावेलू C). भाविककुमार दीन भरवाड़ D). देवेंद्र झाझरिया

Correct Answer: C

**Q.92** **RBI की मौद्रिक नीति समिति ने अक्टूबर 2025 की अपनी बैठक में रेपो दर को _____ पर अपरिवर्तित रखा।**

Ans A). 4.75% B). 5.50% C). 5.00% D). 6.00%

Correct Answer: B

**Q.93** **मई 2026 में, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में किसे चुना गया?**

Ans A). उदयनिधि स्टालिन B). एडप्पादी के. पलानीस्वामी C). एम. के. स्टालिन D). सी. जोसेफ विजय

Correct Answer: D

**Q.94** **निम्नलिखित में से किस संगठन ने जनवरी 2026 में शीर्ष-आक्रमण की क्षमता के साथ स्वदेशी रूप से विकसित तीसरी पीढ़ी की फायर-एंड-फॉरगेट मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (MPATGM) का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया?**

Ans A). रक्षा उत्पादन विभाग B). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड C). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन D). पूर्व सैनिक कल्याण विभाग

Correct Answer: C

**Q.95** **मई 2026 में, भारत के उपराष्ट्रपति ने 'द लाइब्रेरी मैन ऑफ इंडिया: द स्टोरी ऑफ पी.एन. पणिक्कर' का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

Ans A). पी. पी. सत्यन B). शशि थरूर C). विजय गोयल D). शिवराज सिंह चौहान

Correct Answer: A

**Q.96** **मई 2026 में, भारत सरकार ने ग्रामीण आय, क्षमता और संवहनीय आजीविका अवसरों को मजबूत करने के लिए किस अंतरराष्ट्रीय संगठन के साथ साझेदारी में 'कंट्री स्ट्रैटेजिक अपॉर्चुनिटीज़ प्रोग्राम' (COSOP) 2026–2033 लॉन्च किया?**

Ans A). विश्व बैंक B). एशियाई विकास बैंक C). खाद्य और कृषि संगठन D). अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष

Correct Answer: D

**Q.97** **2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में किस पार्टी ने स्पष्ट बहुमत के साथ जीत हासिल की?**

Ans A). भारतीय जनता पार्टी (BJP) B). आम आदमी पार्टी (AAP) C). बहुजन समाज पार्टी (BSP) D). भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC)

Correct Answer: A

**Q.98** **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2026 में शुरू किए गए सेवा-उन्मुख डिजिटल प्लेटफॉर्म "जर्नी ऑफ एंटेनेटल, नेटल एंड नियोनेटल इंटीग्रेटेड केयर-JANANI (Journey of Antenatal, Natal and Neonatal Integrated Care- JANANI)" से कौन-सा उद्देश्य संबंधित था?**

Ans A). संस्थागत प्रसव योजनाओं के अंतर्गत पात्र गर्भवती महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ नकद हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करना

B). ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्ग नागरिकों को स्वचालित आभासी परामर्श और टेलीमेडिसिन सेवाएं प्रदान करना

C). राष्ट्रव्यापी कोल्ड-चेन लॉजिस्टिक्स और जिलों में शिशु वैक्सीनों की वास्तविक-समय सूची का प्रबंधन करना

D). मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध ट्रैकिंग और निगरानी करना

**Correct Answer: D**

**Q.99** **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कौन-सा रचयिता (author), जो 'द फॉल्ट इन आवर स्टार्स (The Fault in Our Stars)' के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं, सितंबर 2026 में उपन्यास 'हॉलीवुड, एंडिंग (Hollywood, Ending)' के साथ वयस्क एडल्ट फिक्शन में डेब्यू करेंगे?**

Ans A). रेनबो रोवेल (Rainbow Rowell)  B). डेविड लेविथन (David Levithan)  C). एंजी थॉमस (Angie Thomas)  D). जॉन ग्रीन (John Green)

**Correct Answer: D**

**Q.100** **मई 2026 में, DRDO द्वारा विकसित किस स्वदेशी प्रणाली ने अपने प्रथम उड़ान परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया, जो पारंपरिक हवाई बमों को सटीक निर्देशित ग्लाइड हथियारों के रूप में कार्य करने में सक्षम बना सकती है?**

Ans A). इंडिजिनस नेवल स्ट्राइक ऑग्मेंटेशन (INSA) प्रणाली

B). टर्मिनल एविएशन रिकोनिसेंस असेंबली (TARA-II) प्रणाली

C). टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (TARA) प्रणाली

D). स्ट्रेटेजिक एयर डिफेंस रॉकेट एप्लीकेशन (SADRA) प्रणाली

**Correct Answer: C**

"